राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–209/2023

राज्यपाल ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को नमन किया

पटना, 26 जुलाई 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना के पूर्वी उत्तरी छोर पर स्थित शहीद–ए–कारगिल स्मृति स्थल (पार्क) पर आयोजित राजकीय समारोह में पुष्प चक्र अर्पित कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को नमन किया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....